HXS-U-HND

हिन्दी / HINDI

प्रश्न-पत्र I / Paper I

(साहित्य) / (LITERATURE)

*निर्धारित समय : **तीन** घंटे*	*अधिकतम अंक : **250***
*Time Allowed : **Three** Hours*	*Maximum Marks : **250***

प्रश्न-पत्र के लिए विशिष्ट अनुदेश

कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :

*कुल **आठ** प्रश्न हैं, जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं ।*

*उम्मीदवार को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखने हैं ।*

*प्रश्न सं. **1** और **5** अनिवार्य हैं और शेष में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों का उत्तर दिया जाना है, जिनमें प्रत्येक खण्ड में से कम-से-कम **एक** प्रश्न होना चाहिए ।*

प्रत्येक प्रश्न / भाग के अंक उसके सामने अंकित हैं ।

*उत्तर **हिन्दी** (देवनागरी लिपि) में ही लिखे जाएँगे ।*

जिन प्रश्नों के संबंध में अधिकतम शब्द संख्या निर्धारित है, वहाँ इसका अनुपालन किया जाना चाहिए ।

प्रश्नों के उत्तर की गणना संख्यात्मक क्रम में की जाएगी । यदि किसी प्रश्न को काटा नहीं गया, तो उस प्रश्न को गिन लिया जाएगा भले ही उसका उत्तर आंशिक तौर पर क्यों न लिखा गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका का कोई भी पृष्ठ अथवा पृष्ठ का भाग, जो खाली छोड़ा गया हो, उसे स्पष्ट रूप से काट दिया जाना चाहिए ।

Question Paper Specific Instructions

Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :

*There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS**.*

*Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.*

*Questions no. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, any **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each section.*

The number of marks carried by a question / part is indicated against it.

*Answers must be written in **HINDI** (Devanagari Script).*

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

Optional Province · optionalprovince.com

SECTION A

Q1. **निम्नलिखित प्रत्येक पर लगभग 150 शब्दों में टिप्पणियाँ लिखिए :** ***10×5=50***

(a) अवहट्ठ की व्याकरणिक संरचना का स्वरूप *10*

(b) देवनागरी लिपि के प्रमुख गुण *10*

(c) रहीम की काव्य-भाषा का महत्त्व *10*

(d) दक्खिनी हिन्दी का स्वरूप *10*

(e) स्वातंत्र्योत्तर भारत में हिन्दी की स्थिति *10*

Q2. (a) पूर्वी हिन्दी की प्रमुख बोलियों का संक्षिप्त परिचय दीजिए । *20*

(b) उन्नीसवीं शताब्दी में खड़ीबोली के विकास पर प्रकाश डालिए । *15*

(c) हिन्दी में पारिभाषिक शब्दावली निर्माण में आने वाली कठिनाइयों का परिचय दीजिए । *15*

Q3. (a) साहित्यिक भाषा के रूप में अवधी के महत्त्व का आकलन कीजिए । *20*

(b) ब्रजभाषा की व्याकरणिक विशेषताओं का निरूपण कीजिए । *15*

(c) हिन्दी और उसकी बोलियों के अंतर्संबंध का विवेचन कीजिए । *15*

Q4. (a) नागरी लिपि के सुधार हेतु किए गए प्रयासों का विवेचन कीजिए । *20*

(b) " 'हिन्दुस्तानी' एक कृत्रिम भाषा थी" — इस कथन की तर्कपूर्ण व्याख्या कीजिए । *15*

(c) मानक हिन्दी की व्याकरणिक संरचना को स्पष्ट कीजिए । *15*

Optional Province · optionalprovince.com

SECTION B

Q5. **निम्नलिखित प्रत्येक पर लगभग 150 शब्दों में टिप्पणियाँ लिखिए :** *10×5=50*

(a) रामचन्द्र शुक्ल के साहित्येतिहास लेखन की प्रमुख विशेषताएँ *10*

(b) कबीर की प्रासंगिकता *10*

(c) बिहारी का काव्य-वैभव *10*

(d) प्रेमचन्द की कहानियों में चित्रित 'आदर्शोन्मुख यथार्थवाद' *10*

(e) 'रेणु' की कथा-भाषा *10*

Q6. (a) रीतिबद्ध काव्यधारा में केशवदास के कवि-कर्म का मूल्यांकन कीजिए । *20*

(b) मुक्तिबोध की काव्य-संवेदना की प्रमुख विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए । *15*

(c) हिन्दी उपन्यास के विकास में यशपाल के योगदान पर विचार कीजिए । *15*

Q7. (a) मोहन राकेश की नाट्य-कला और मंच-सज्जा पर प्रकाश डालिए । *20*

(b) रामविलास शर्मा के आलोचना-कर्म के महत्त्व पर प्रकाश डालिए । *15*

(c) संस्मरण साहित्य के विकास पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए । *15*

Q8. (a) हिन्दी रंगमंच के विकास की संक्षिप्त रूपरेखा दीजिए । *20*

(b) कृष्णा सोबती के कथा-संसार पर प्रकाश डालिए । *15*

(c) महादेवी वर्मा के रेखाचित्रों के महत्त्व का आकलन कीजिए । *15*

Optional Province · optionalprovince.com